आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 154 | उज्जैन, रविवार 27 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# ऑर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस (एआई) से होगी अवैध खनन की निगरानी-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रदेश की 7502 खदानों की हुई जियो टेगिंग




भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिये ऑर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस (एआई)का उपयोग कर खनन निगरानी प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के अंतर्गत प्रदेश की समस्त स्वीकृत 7502 खदानों की जियो टेगिंग कर खदान क्षेत्र का सीमांकन किया जा चुका है। सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से प्रदेश में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भंडारण पर निगरानी रखी जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रणाली खदान क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने में सक्षम होगी। इसके अंतर्गत एक निश्चित समय अंतराल पर सतत रूप से प्राप्त सेटेलाइट इमेजेस का विश्लेषण कर सिस्टम द्वारा राज्य एवं जिला प्रशासन को अलर्ट भेजे जायेंगे। क्षेत्रीय अमले द्वारा मोबाइल ऐप से परीक्षण एवं निरीक्षण कर पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर खदान या उसके बाहर ड्रोन सर्वे कर वॉल्युमेट्रिक एनालिसिस से वास्तविक उत्खनित मात्रा का पता लगाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर अर्थदण्ड अधिरोपित करने की परियोजना भी प्रक्रियाधीन है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिये नवीन तकनीक एआई पर आधारित मानव-रहित चेक-गेट पूरे प्रदेश में स्थापित किये जा रहे हैं। प्रदेश में 41 ऐसे स्थल चिन्हांकित किये गये हैं, जहाँ से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों का सर्वाधिक आगमन होता है। चेक-गेट स्थापित करने के लिये टेण्डर के माध्यम से रेल टेल कॉर्पोरेशन को सर्विस प्रोवाइडर के रूप में चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में भोपाल के आस-पास 4 स्थानों पर ई-चेकगेट स्थापित किये गये हैं। निगरानी के लिये राज्य स्तर पर भोपाल में कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर और जिला स्तर पर भोपाल एवं रायसेन में जिला स्तरीय कमाण्ड सेंटर स्थापित किया गया है। ई-चेकगेट में वेरीफोकल कैमरा, आर.एफ.आई.डी. रीडर, ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जाँच के प्रावधान हैं।

# बदलते वैश्विक माहौल में भारतीय कारोबारियों को लुभाने में जुटा चीन



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका की शुल्क नीति से बदले वैश्विक कारोबारी माहौल में चीन अब भारतीय कारोबारियों को पूरी तरह से लुभाने में जुट गया है। भारतीयों को अपने उत्पादन की जानकारी से दूर रखने वाला चीन अब अपनी मशीन बेचने के लिए भारतीय कंपनियों के इंजीनियर्स को मशीन की पूरी जानकारी दे रहा है।

उन इंजीनियर्स को मशीन को खोलकर फिर से उसे असेंबल करने का प्रशिक्षण दे रहा है। भारतीय इंजीनियर्स उनके मेहमान बनकर इस प्रकार का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

अभी हाल में चीन के शेनजेन और गोंजो में लगे व्यापारिक मेले में चीन की कंपनियों के साथ कई भारतीय कंपनियों ने इस प्रकार के समझौते किए है। असल में चीन की मशीन के खराब होने पर उसे ठीक कराने में होने वाली दिक्कत को देखते हुए भारतीय उद्यमी चीन की मशीन खरीदने से कतराने लगे थे।

चीन की मशीन खराब होने पर पहले करना होता था यह काम - चीन की मशीन खराब होने पर चीन के इंजीनियर्स को भारत बुलाना पड़ता था, लेकिन चीन के इंजीनियर्स को आसानी से वीजा नहीं मिलने के कारण कई बार चीन की मशीन ठीक कराने में महीनों लग जाते थे और उद्यमियों को इसका नुकसान उठाना पड़ता था।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद DGCA ने जारी की एडवाइजरी, पाकिस्तान का एयर स्पेस बंद होने पर उठाया बड़ा कदम



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया का प्रतिरोध करते हुए पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। ऐसे में भारत की अंतर्राष्टीय फ्लाइट्स को अरब सागर से होते हुए लंबा रूट तय करना पड़ेगा। इसी कड़ी में DGCA ने भी सभी एयरलाइंस के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने अपनी एडवाइजरी में पांच मुख्य बिंदुओं पर फोकस किया है। इसमें यात्रियों की सुविधा से लेकर फ्लाइट में मौजूद केटरिंग सर्विस, कस्टमर सर्विस और विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने जैसे निर्देश शामिल हैं।

दरअसल पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता रोकने जैसे कई बड़े कदम उठाए हैं। इस पर पलटवार करते हुए पाकिस्तान ने भी भारतीय विमानों के लिए अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। ऐसे में यूरोप, मध्य एशिया और पश्चिमी देशों का रुख करने के लिए अब भारतीय विमानों को अरब सागर से होकर गुजरना होगा। इससे रास्ता काफी लंबा हो जाएगा और यात्रियों को देर तक फ्लाइट में बैठना पड़ सकता है।

# सवालों से भागता दिखा तहव्वुर राणा, हर बात पर करता रहा टालमटोल; 26/11 हमले के मास्टरमाइंड से 8 घंटे तक हुई पूछताछ



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा इस वक्त राष्ट्रीय जांच एजेंसी की कैद में है। मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने तहव्वुर राणा से नई दिल्ली में पूछताछ की है। आठ घंटे तक चली इस पूछताछ में तहव्वुर मुंबई पुलिस के सवालों से बचने की कोशिश कर रहा था।

मुंबई पुलिस के अनुसार, नई दिल्ली स्थित NIA के मुख्यालय में तहव्वुर राणा से आठ घंटे तक पूछताछ की गई। इस दौरान तहव्वुर टालमटोल वाले जवाब दे रहा था और उसने पुलिस का बिल्कुल सहयोग नहीं किया।

बता दें कि तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है, जिसपर 2008 के 26/11 मुंबई हमले की साजिश रचने का आरोप है। तहव्वुर पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर था। साथ ही उसपर कई आतंकी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है। हाल ही में उसे अमेरिका से भारत लाया गया था।

परिवार से बात करने की मांगी थी अनुमति- अदालत ने तहव्वुर राणा को NIA की रिमांड पर भेजा है। हाल ही में तहव्वुर राणा ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर करते हुए परिवार से बात करने की अनुमति मांगी थी। हालांकि, अदालत ने याचिका खारिज कर दी।

तहव्वुर राणा के वकील पीयूष सचदेवा ने अदालत में तर्क देते हुए कहा था कि विदेशी नागरिक होने के नाते परिवार से बात करना तहव्वुर राणा का मौलिक अधिकार है। वहीं, NIA ने इसका सख्त विरोध किया। NIA का कहना था कि तहव्वुर से पूछताछ चल रही है। ऐसे में परिवार से बात करने के बहाने वो संवेदनशील जानकारियां रिवील कर सकता है।

## यमुना की सफाई में सहायक हो सकता है कोल्हापुर का पंचगंगा मॉडल



नई दिल्ली (एजेंसी)। करीब 35 वर्ष पहले देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों पर हुए एक सर्वेक्षण में महाराष्ट्र के कोल्हापुर की पंचगंगा नदी का नाम भी शामिल था। लेकिन आज शहर के लगभग बीच से बहनेवाली पंचगंगा नदी में लोग नहाते और तैरते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं।

इन 35 वर्षों में कुछ स्थानीय संस्थाओं का अथक परिश्रम एवं कोल्हापुरवासियों की इच्छाशक्ति ने जो स्वरूप पंचगंगा को प्रदान किया है, वह दिल्ली की यमुना नदी सहित देश की कई अन्य नदियों के लिए एक मॉडल सिद्ध होता है।

पर्यावरणविद् उदय गायकवाड़ ने रखी अपनी बात- हाल ही में कोल्हापुर में आयोजित 'अर्थ जर्नलिस्ट नेटवर्क' के एक कार्यक्रम में बोलते हुए पर्यावरणविद् उदय गायकवाड़ ने बताया कि जब 1989-90 में हुए एक सर्वेक्षण में कोल्हापुर की पंचगंगा नदी को देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में से एक बताया गया, उस समय कोल्हापुर शहर के नलों से आपूर्ति होनेवाला पानी भी पीना मुमकिन नहीं था।

कोल्हापुर पीलिया जैसे खतरनाक रोगों से जूझ रहा था - पूरा शहर पीलिया जैसे खतरनाक रोगों से जूझ रहा था। तब कोल्हापुरवासियों को अहसास हुआ कि जिंदगी को बेहतर बनाना है, तो अपनी पंचगंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करना होगा। तभी से शुरू हुए कई तरह के प्रयासों का परिणाम है कि जब पिछले साल राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने महाराष्ट्र की 56 नदियों को प्रदूषित घोषित किया।

## सिक्किम में कुदरत का कहर, भारी बारिश और भूस्खलन से हालात खराब; एक हजार से अधिक पर्यटक फंसे



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तरी सिक्किम के लाचेन और लाचुंग क्षेत्र में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण एक हाजर से अधिक पर्यटक फंस गए हैं।

सिक्किम पुलिस ने 25 अप्रैल से उत्तरी सिक्किम के लिए सभी पर्यटक परमिट अनिश्चितकाल के लिए रद कर दिए हैं। बारिश और भूस्खलन से लाचेन-चुंगथांग मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे यातायात पूरी तरह ठप है।

प्रशासन ने रात में यात्रा न करने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। मंगन जिला प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम बचाव कार्य में जुटी है।

# पीएम मोदी ने रोजगार मेले में बांटे 51000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र, युवाओं के खिले चेहरे; इन विभागों में मिली नौकरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 15वें रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, रोजगार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया और यह रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की केंद्र की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

कई विभागों के लिए शामिल हुए चयनित उम्मीदवा- इस राष्ट्रव्यापी पहल का उद्देश्य युवा सशक्तीकरण के लिए सार्थक अवसर प्रदान करना और उन्हें देश की प्रगति में प्रभावी योगदान देने में सक्षम बनाना है। भारत के विभिन्न भागों से चयनित नए उम्मीदवार राजस्व विभाग, कार्मिक और लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रेल मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित केंद्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों में शामिल हुए।

अक्टूबर 2022 में रोज़गार मेला शुरू होने के बाद से केंद्र सरकार ने 10 लाख से ज़्यादा स्थायी सरकारी नौकरियां दी हैं। पिछले साल दिसंबर में आयोजित रोजगार मेले के 14वें संस्करण के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला था कि 71,000 नौकरियों के प्रस्ताव वितरित किए गए थे।

इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि रोज़गार मेले सरकार के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रोज़गार पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ प्रदान किया जाए।

कब हुई थी रोजगार मेले की शुरुआत- 22 अक्टूबर, 2022 को शुरू हुए रोज़गार मेले के पहले संस्करण में 75,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे, जो युवाओं के लिए मज़बूत रोज़गार के अवसर पैदा करने के सरकार के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

रोजगार सृजन को सुगम बनाने तथा नौकरी चाहने वालों और विभिन्न सरकारी क्षेत्रों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए 10 लाख कर्मियों की भर्ती अभियान शुरू किया गया था।

इस पहल को न केवल बेरोजगारी को कम करने, बल्कि युवा व्यक्तियों को भारत की विकास गाथा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

दैनिक हिन्दकुश

# भारत के एक्शन से बैकफुट पर आया पाकिस्तान, पीएम शहबाज बोले- हम जांच के लिए तैयार



नई दिल्ली (एजेंसी)। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा लगातार लिए जा रहे एक्शन के बाद अब पाकिस्तान घबराया हुआ नजर आ रहा है। पाकिस्तान के तमाम बड़े नेता जहां बौखलाहट में बिना सिर-पैर के बयान दे रहे थे, तो वहीं अब पाक पीएम ने शांति का रास्ता अपनाने की बात की है।

पाक पीएम का बयान - पाकिस्तानी न्यूज चैनल डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के काकुल में पाक मिलिट्री अकादमी में पासिंग-आउट परेड को संबोधित करते हुए पाक पीएम शहबाज ने कहा, पहलगाम में हुई हालिया घटना इस निरंतर दोषारोपण के खेल का एक और उदाहरण है, जिसे पूरी तरह से बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, एक जिम्मेदार देश के रूप में अपनी भूमिका को जारी रखते हुए, पाकिस्तान किसी भी तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।

भारत के कड़े फैसलों से बौखलाया पाक- पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा लिया गया सिंधु जल संधी को खत्म करने का ऐलान एक बड़ा फैसला है और इस फैसले को लेकर पाकिस्तान काफी ज्यादा बोखलाया हुआ है। पाक पीएम ने इस फैसले को लेकर कहा, पाकिस्तान के पानी को कम करने या मोड़ने की किसी भी कोशिश का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि हम किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और किस को भी इस बारे में गलती नहीं करनी चाहिए। यह देश 240 मिलियन लोगों का है और हम अपने बहादुर सशस्त्र बलों के पीछे खड़े हैं।

शहबाज ने कहा, यह संदेश जोरदार और साफ होना चाहिए। शांति हमारी प्राथमिकता है और हम अपनी अखंडता और सुरक्षा पर कभी समझौता नहीं करेंगे।

सिंधु दरिया हमारा है- पाक पीएम से पहले पाकिस्तान के नेता बिलावल भुट्टो ने विवादित बयान देते हुए कहा था कि सिंधु दरिया में अब या तो पानी बहेगा या फिर खून बहेगा। सिंधु दरिया हमारा है और हमारा ही रहेगा। सखर में सिंधु नदी के किनारे एक जनसभा को संबोधित करते हुए बिलावल ने कहा, मैं सिंधु दरिया के पास खड़े होकर साफ कहना चाहता हूं कि सिंधु नदी हमारी थी, है और हमारी ही रहेगी। या तो इस नदी में पानी बहेगा या फिर उसका खून जो हमारी हिस्सेदारी छीनना चाहता है।

# दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने की है जरूरत, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम हमले की निंदा की; सभी देशों से की ये अपील



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दुनिया की सारी बड़ी ताकतें भारत के साथ खड़ी नजर आ रही है और इस दुख की घड़ी में सभी ने भारत के साथ सहानुभूति जताई है। अब संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने पहलगाम हमले की कड़ी शब्दों में निंदा की है।

संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने आतंकवाद के इस निंदनीय हरकत के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने की जरूरत पर जोर दिया।

परिषद ने बयान जारी कर ये मांग की है कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए और सभी देशों से अपील की है कि वह अपने-अपने स्तर पर इस मसले पर अपना सहयोग दें। इस बयान को पाकिस्तान के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि अक्सर पाकिस्तान कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में उठाता रहत है।

सभी देशों से संयुक्त राष्ट्र की अपील - संयुक्त राष्ट्र ने अपने बयान में सभी देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून और प्रासंगिक सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के मुताबिक इस संबंध में सभी से साथ आकर और सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का यह बयान भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें 15 मेंबर हैं, जिनमें पांच मेंबर दुनिया के सबसे ताकतवर देश हैं।

भारत को मिला इन देशों का समर्थन

इन पांच देशों में चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका शामिल हैं। इन सभी देशों ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ा निंदा की है। साथ ही, अमेरिका की स्पाई चीफ तुलसी गब्बार्ड ने खुलेतौर पर पाकिस्तान को फटकार लगाई है।

## डींगे हांकने वाला पाकिस्तान बलूच विद्रोहियों का सामना करने में असफल




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों को ले जा रहे एक वाहन के पास सड़क किनारे हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में चार सैनिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस प्रमुख नवीद अहमद के अनुसार यह हमला बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में हुआ। किसी भी समूह ने अब तक बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

संदेह बलूच विद्रोहियों पर होने की आशंका- संदेह बलूच विद्रोहियों पर होने की आशंका है। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने बम विस्फोट की निंदा की। यह ताजा हमला बलूचिस्तान के कलात में एक वाहन पर बम हमले में तीन की मौत के एक दिन बाद हुआ है।

पाक सैनिकों ने खैबर पख्तूनख्वा में छह आतंकवादियों को मार गिराया- पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान छह आतंकवादियों को मार गिराया, सेना की मीडिया शाखा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, उत्तरी वजीरिस्तान की सीमा से लगे बन्नू जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर 23-24 अप्रैल की रात को अभियान शुरू किया गया था।

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने मचाया खूनी उत्पात, 20 लोगों की कर दी हत्या; दर्जनभर घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी जम्फारा राज्य के एक खनन गांव में हथियारबंद लोगों ने कम से कम 20 लोगों की हत्या कर दी और दर्जनों लोगों को घायल कर दिया।

घर-घर जाकर लोगों की हत्या की गई- एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने उसी दिन एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि गुरुवार दोपहर के आसपास बंदूकधारी डैन गुलबी जिले के गोबिरावा चाली गांव में मोटरसाइकिलों पर पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों की हत्या करना शुरू कर दिया।

घरों और एक मस्जिद में लोगों के शव मिले- बंदूकधारियों का पहला लक्ष्य एक सोने की खदान वाली जगह थी, जहां उन्होंने शुरुआत में 14 लोगों की हत्या की, उसके बाद घरों और एक मस्जिद में और शव मिले। हमले का संभावित मकसद स्पष्ट नहीं था, लेकिन डाकू समूह संघर्ष-ग्रस्त उत्तरी क्षेत्र में सामूहिक हत्याओं और फिरौती के लिए अपहरण के लिए जाने जाते हैं, जिनमें से अधिकांश पूर्व चरवाहे हैं जो बसे हुए समुदायों के साथ संघर्ष में थे।

## किसी न किसी तरह आपसी तनाव दूर कर लेंगे भारत-पाक, ट्रंप बोले- इन दोनों देशों के बीच हमेशा रहा है विवाद



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तल्खी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को उम्मीद जताई है कि दोनों देश आपसी रिश्तों में आए तनाव को दूर कर लेंगे।


पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत तनाव है- ट्रंप ने एयरफोर्स वन के विमान में पत्रकारों से कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत तनाव है, लेकिन दोनों देश किसी न किसी तरह से इसका हल निकाल ही लेंगे। ट्रंप ने कहा कि वह दोनों देशों के नेताओं को जानते हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह उनसे संपर्क करेंगे, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

भारत के साथ बढ़ते तनाव के बारे में जानकारी- इस बीच प्रेट्र के अनुसार इस्लामाबाद में पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन विदेशी राजनयिकों को भारत के साथ बढ़ते तनाव के बारे में जानकारी दी।

विदेश कार्यालय ने बयान में कहा, विदेश सचिव आमना बलूच ने इस्लामाबाद में मिशन प्रमुखों और राजनयिकों को पहलगाम हमले के बाद के घटनाक्रमों की जानकारी दी। इससे पहले गुरुवार को भी बलूच ने राजनयिकों को पहलगाम हमले के बाद उत्पन्न स्थिति के बारे में जानकारी दी थी।

अमेरिकी विश्लेषकों का कहना है कि अंतरिक्ष में एक रूसी उपग्रह अनियंत्रित रूप से घूमता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे संकेत मिलता है कि यह अब काम नहीं कर रहा है। मास्को के अंतरिक्ष हथियार कार्यक्रम के लिए यह एक झटका हो सकता है।

## Pak की शर्मनाक हरकत, लंदन में उच्चायोग के बाहर अभिनंदन की तस्वीर दिखाकर किया ऐसा इशारा



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़े फैसले ले रहा है और देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे भारतीय समुदाय के लोगों को देखकर पाकिस्तान बौखला गया।

गला काटने का किया इशारा- दरअसल, लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय छात्र और समुदाय के लोग पहलगाम हमले के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे। विरोध प्रदर्शन को देखकर पाकिस्तान बौखला गया और उच्चायोग से बाहर निकलकर पाकिस्तान के डिफेंस अताशे ने अभिनंदन की चाय पीते तस्वीर को दिखाकर गला काटने का इशारा किया। लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन कर रहे भारतीय समुदाय के लोगों ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और 26 लोगों की मौत पर आक्रोश जताया। भारतीय झंडे, बैनर और तख्तियां थामे भारतीय समुदाय के लोगों ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए और हाथों में मैं हिन्दू हूं लिखे पोस्टर पकड़े थे।

# सिंधु में या तो पानी बहेगा या खून, भारत की कार्रवाई के बाद भड़का बिलावल भुट्टो



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम के कायराना हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की है। जिसकी वजह से पाकिस्तान के बड़े नेता अपना होश खो बैठे हैं। इस कड़ी में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सहयोगी बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल संधि विवाद पर भड़काऊ टिप्पणी करते हुए कहा कि नदी में खून बहेगा।

जरदारी ने एक सार्वजनिक रैली में कहा कि मैं इस सिंधु नदी के साथ खड़ा हूं और भारत को संदेश देता हूं कि सिंधु नदी हमारी है, या तो हमारा पानी इस नदी में बहेगा या आपका खून बहेगा।

पीएम मोदी को लेकर भी बोला बिलावल भुट्टो- पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने पहलगाम त्रासदी के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमजोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए, (भारतीय प्रधानमंत्री) मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफा तरीके से निलंबित कर दिया है, जिसके तहत भारत ने स्वीकार किया है कि सिंधु पाकिस्तान की है। मैं यहां सुक्कुर में सिंधु के पास खड़ा होकर भारत को बताना चाहता हूं कि सिंधु हमारी है और सिंधु हमारी ही रहेगी, चाहे इस सिंधु में पानी बहे या उनका खून।

# पाक को चुकानी होगी बड़ी कीमत, बिलावल भुट्टो को BJP ने सुनाई खरी-खरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच के रिश्ते में तनाव काफी बढ़ गया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए हैं। इस बीच पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान के बाद भारत में एक बड़ा उबाल आ गया है। भुट्टो के बयान पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है और इसकी कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी की टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पलटवार किया है। केंद्रीय मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अभी तो केवल इसकी शुरुआत हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि पाकिस्तान को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी।

पाकिस्तान को चुकानी होगी बड़ी कीमत- पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पहलगाम की घटना स्पष्ट रूप से पड़ोसी राज्य द्वारा किया गया सीमा पार आतंकवादी हमला है और वे इसकी जिम्मेदारी ले रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि पहले की तरह अब कोई कारोबार जारी नहीं रहेगा। जैसा कि पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह तो बस शुरुआत है। आतंकवादी जीवन के सबसे मौलिक अधिकार को छीन लेते हैं। इसकी पूरी दुनिया निंदा कर रही है। पाकिस्तान न केवल एक दुष्ट देश है, बल्कि यह एक पतनशील देश है।

## लापरवाही और सुरक्षा में बड़ी चूक..., पहलगाम आतंकी हमले को लेकर केंद्र पर बरसी कांग्रेस नेता वाई एस शर्मिला




नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। आंध्र प्रदेश कांग्रेस प्रमुख वाई एस शर्मिला ने इसे लापरवाही और सुरक्षा में बड़ी नाकामयाबी करार दिया है। उनका कहना है कि बीजेपी इस मामले पर सभी को गुमराह कर रही है। अमरावती में कैंडल मार्च के दौरान वाई एस शर्मिला ने सत्तापक्ष को सवालों के कठघरे में खड़ा किया है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर इसे धार्मिक मुद्दा बनाने का आरोप लगाया है।

कैंडल मार्च में के दौरान वाई एस शर्मिला ने कहा कि यह हमारे देश पर हमला है। इस हमले के पीछे लापरवाही और सुरक्षा में चूक जैसे कारण जिम्मेदार हैं। बीजेपी लोगों को इस मुद्दे से भटकाना चाहती है। शर्मिला ने कहा कि पीड़ितों में मुस्लिम भी शामिल हैं।

बीजेपी नेता भड़कीं- कांग्रेस नेता का कहना है कि यह किसी धर्म पर नहीं बल्कि पूरे देश पर हमला है। बीजेपी ऐसी धारणा बना रही है कि यह हमला धर्म के आधार पर हुआ है। हालांकि, बीजेपी नेता एस यामिनी शर्मा ने इस बयान के लिए शर्मिला की आलोचना की है। उन्होंने शर्मिला को अपनी जुबान पर काबू रखने की नसीहत दी है।

## 30 जून से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, सरकार ने किया एलान



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने शनिवार को जून से कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने की घोषणा की। यह यात्रा पांच साल के अंतराल के बाद शुरू हो रही है। इसे भारत और चीन द्वारा संबंधों को बेहतर बनाने के प्रयासों के एक हिस्से के रूप में भी देखा जा रहा है।

दोनों देशों ने पिछले साल अक्टूबर में एक समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग के दो बिंदुओं पर सैनिकों की वापसी पूरी कर ली थी। विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान होने वाली है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस साल पांच बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री शामिल हैं और 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री शामिल हैं क्रमशः उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और सिक्किम से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करने वाले हैं। यात्रा के लिए आवेदन केएमवाई डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर किया जा सकता है। कोरोना महामारी और उसके बाद चीन की ओर से यात्रा व्यवस्थाओं का नवीनीकरण न किए जाने के बाद 2020 से कैलाश मानसरोवर यात्रा नहीं हुई है। पिछले महीने बीजिंग में भारत और चीन के विदेश मंत्रालयों के बीच आधिकारिक परामर्श के बाद यह घोषणा की गई थी कि कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए काम जारी है।

# केरल के कई होटलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने जारी किया अलर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की चर्चा अभी थमी भी नहीं थी कि केरल के कई होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल गई है। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में स्थित कई बड़े होटलों को धमकी भरे मैसेज मिले हैं। सभी होटलों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी है।

बॉम्ब स्क्वाड पहुंची- मामले पर फौरन एक्शन लेते हुए केरल पुलिस ने होटलों को खाली करवा लिया है। बॉम्ब स्क्वाड टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। डॉग स्क्वाड भी होटलों में मौजूद हैं। होटल परिसर की जांच की जा रही है। तिरुवनंतपुरम के कैंटोनमेंट पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि होटलों की जांच जारी है। जिन होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, उन सभी होटलों की छानबीन की जा रही है। अभी तक होटलों में कुछ भी नहीं मिला है। हालांकि, जांच जारी है।

ईमेल से मिली थी धमकी- पुलिस के अनुसार, होटलों को यह धमकी ईमेल से दी गई है। शनिवार की सुबह तिरुवनंतपुरम के कई होटलों को एक मेल प्राप्त हुई, जिसमें IED ब्लास्ट होने की चेतावनी दी गई थी। पुलिस ईमेल भेजने वालों का पता लगा रही है। हालांकि, अभी तक ईमेल को ट्रेस नहीं किया जा सका है। धमकी मिलने वाले होटलों की फेहरिस्त में तिरुवनंतपुरम के मशहूर हिल्टन होटल का नाम भी शामिल है।

केरल में पहला मामला नहीं - बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब केरल में ऐसे धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए हैं। इससे पहले जिला कलेक्ट्रेट, राजस्व प्रभागीय अधिकारियों के कार्यालय और केरल हाई कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इन सभी धमकियों के बाद भी पुलिस बड़े स्तर पर चेकिंग शुरू की थी, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला।

# घाटी से चुन-चुनकर होगा आतंकियों का सफाया, सेना ने जारी की लिस्ट; हिट लिस्ट में हैं ये 14 नाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की एक सूची तैयार की है।

सूत्रों के अनुसार, 20 से 40 वर्ष की आयु के ये व्यक्ति पाकिस्तान से विदेशी आतंकवादियों को रसद और जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान कर सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं।

इन गुर्गों के आतंकी हैं शामिल- पहचाने गए गुर्गों के पाकिस्तान समर्थित तीन प्रमुख आतंकी संगठनों से जुड़े होने की खबर है। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद । इनमें से 3 हिजबुल मुजाहिदीन से, 8 LeT से और 3 छुद्ररूसे जुड़े हैं।

सूत्रों के मुताबिक इन व्यक्तियों के नाम हैं- आदिल रहमान डेन्टू (21), आसिफ अहमद शेख (28), अहसान अहमद शेख (23), हारिस नजीर (20), आमिर नजीर वानी (20), यावर अहमद भट, आसिफ अहमद खांडे (24), नसीर अहमद वानी (21), शाहिद अहमद कुटे (27), आमिर अहमद डार, अदनान सफी डार, जुबैर अहमद वानी (39), हारून रशीद गनई (32) और जाकिर अहमद गनी (29)।

कौन आतंकी कहां है सक्रिय- डेन्टू 2021 में लश्कर में शामिल हुआ और प्रतिबंधित संगठन के सोपोर जिला कमांडर के रूप में सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

जैश-ए-मोहम्मद का आतंकवादी आसिफ अहमद शेख अवंतीपोरा का जिला कमांडर है और 2022 से लगातार आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है।

अहसान अहमद शेख लश्कर के आतंकवादी के रूप में पुलवामा में सक्रिय है और 2023 से लगातार आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है।

# वीर सावरकर टिप्पणी मामलाः राहुल गांधी की फिर बढ़ी मुसीबत, अब पुणे कोर्ट ने कांग्रेस नेता को किया तलब



नई दिल्ली (एजेंसी)। पुणे की एक अदालत ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर की गई टिप्पणी से संबंधित मानहानि के एक मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तलब किया है। अदालत ने राहुल गांधी को 9 मई को उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

वीडी सावरकर के एक रिश्तेदार ने राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, क्योंकि उन्होंने कुछ समय पहले लंदन में स्वतंत्रता सेनानी के बारे में एक बयान दिया था।

क्या था राहुल का बयान - राहुल गांधी ने कहा था, उन्होंने (सावरकर और उनके साथियों ने) एक मुसलमान को पीटा और खुश हुए। अगर पांच लोग एक व्यक्ति को पीट रहे हैं और कोई खुश हो रहा है, तो यह कायरता है। यह भी उनकी विचारधारा में है।

इसी मुद्दे पर राहुल गांधी के खिलाफ एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद को चेतावनी दी कि वह भविष्य में स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी न करें अन्यथा, उन्हें परिणाम भुगतने होंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया- सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की टिप्पणी पर उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कहा,÷क्या राहुल गांधी जानते हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने विनायक दामोदर सावरकर की प्रशंसा करते हुए एक पत्र लिखा था।÷

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने सावरकर के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणी पर असहमति जताई।

न्यायमूर्ति दत्ता ने गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से यह भी पूछा कि क्या महात्मा गांधी को सिर्फ इसलिए अंग्रेजों का सेवक कहा जा सकता है क्योंकि उन्होंने वायसराय को लिखे अपने पत्रों में आपका वफादार सेवक शब्द का इस्तेमाल किया था।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

हिन्दकुश मीडिया

jagrayam.com
online news magazine

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण चतुर्थदशी

## संपादकीय

# पहलगाम की बैसरन घाटी, जिसे मिनी स्विट्ज़रलैंड के नाम से जाना जाता है, एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है



पहलगाम की बैसरन घाटी, जिसे मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से जाना जाता है, एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। यहाँ हुए हमले की टाइमिंग कई मायनों में महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, यह हमला तब हुआ जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत के दौरे पर थे। दूसरा, यह अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से ठीक पहले हुआ, जो कश्मीर में पर्यटन और धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख समय होता है। तीसरा, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के हालिया बयान, जिसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की जुगुलर वेन (जीवन रेखा) बताया था, ने इस हमले को एक सुनियोजित भू-राजनीतिक कदम के रूप में देखने का आधार दिया।

इस हमले का तरीका भी चिंताजनक है। आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया, उनकी धार्मिक पहचान पूछी, और हिंदू नामों वाले लोगों पर गोलियां चलाईं। यह रणनीति न केवल सांप्रदायिक तनाव को भड़काने की कोशिश थी, बल्कि कश्मीर के पर्यटन उद्योग को नुकसान पहुंचाने और भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने का प्रयास भी था। यह हमला 2000 के छत्तीसिंहपुरा नरसंहार और 2023 में हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले की याद दिलाता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय आतंकी गठजोड़ की आशंका बढ़ी है। पहलगाम हमले को राजनीतिक चश्मे से देखने की प्रवृत्ति स्वाभाविक है, खासकर तब जब भारत में हर घटना को सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच वोट बैंक की राजनीति से जोड़ा जाता है। कुछ नेताओं ने इस हमले को धार्मिक आधार पर सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की, जबकि अन्य ने सरकार की सुरक्षा नीतियों पर सवाल उठाए। हालांकि, इस दृष्टिकोण से केवल अल्पकालिक राजनीतिक लाभ हो सकता है, लेकिन यह दीर्घकालिक रणनीतिक अवसरों को नजरअंदाज करता है। यह हमला भारत के लिए एक रणनीतिक अवसर है सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने का। पहलगाम हमले ने भारत की सुरक्षा व्यवस्था में खामियों को उजागर किया। खुफिया जानकारी की कमी, पर्यटक स्थलों पर अपर्याप्त सुरक्षा, और आतंकियों की घुसपैठ की आसानी ने सवाल उठाए। यह भारत के लिए अपनी खुफिया एजेंसियों, जैसे रॉ और आईबी, को और सशक्त करने का अवसर है। राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और अन्य आतंकवाद-रोधी इकाइयों को पर्यटक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में स्थायी रूप से तैनात करने की रणनीति पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा, ड्रोन और सैटेलाइट निगरानी जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जा सकता है।

इस हमले की निंदा अमेरिका, ब्रिटेन, और यहां तक कि तालिबान ने भी की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को आतंकवाद के खिलाफ पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। यह भारत के लिए एक अवसर है कि वह वैश्विक मंच पर पाकिस्तान को आतंकवाद के प्रायोजक के रूप में और अधिक उजागर करे। संयुक्त राष्ट्र और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) जैसे मंचों पर भारत अपने कूटनीतिक प्रयासों को तेज कर सकता है। साथ ही, हमास और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के बीच संभावित गठजोड़ की जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाया जा सकता है। भारत ने हमले के तुरंत बाद कड़े कदम उठाए। कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक में 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रद्द करने और अटारी सीमा पोस्ट को बंद करने जैसे फैसले लिए गए। यह भारत की पानी की चोट रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और कृषि पर दबाव डालना है।

# मणिभाई देसाई



मणिभाई भीमभाई देसाई एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता, महात्मा गांधी के सहयोगी और ग्रामीण विकास के अग्रदूत थे।

### प्रारंभिक जीवन

मणिभाई देसाई का जन्म रामीबेन और भीमभाई देसाई के घर 27 अप्रैल 1920 को ब्रिटिश भारत के बॉम्बे प्रेसीडेंसी (अब गुजरात राज्य में) के सूरत जिले के कोसमादा गाँव में हुआ था। उनके पिता भीमभाई एक संपन्न किसान थे और क्षेत्र के 10 या 15 गाँवों के किसानों के बीच सम्मानित नेता थे। दंपति के पाँच लड़के और एक बेटी थी। जब भीमभाई की 1927 में मृत्यु हो गई, तो सबसे बड़े बेटे ने पैतृक खेती की जिम्मेदारी संभाली, जबकि अगले दो बेटों ने कपड़ा उद्योग में अपना करियर बनाया, जिनमें से एक स्वर्ण पदक विजेता स्पिनर बना और दूसरा एक विशेषज्ञ बुनकर और भारत की सबसे बड़ी कपड़ा इकाइयों में से एक का महाप्रबंधक बन गया। अपने पिता की मृत्यु के समय मणिभाई अपने पैतृक गाँव के प्राथमिक विद्यालय में पहली कक्षा में थे। उन वर्षों में भारत ब्रिटिश शासन के खिलाफ महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन से हिल रहा था। देसाई ने एक घटना का श्रेय दिया जो तब हुई जब वह दस वर्ष के थे और जिसने उनके भावी जीवन को प्रभावित किया। गांव का एक युवक, नरोत्तमभाई पटेल, गांधीजी के साथ अहमदाबाद से दांडी तक के मार्च में शामिल हुआ, जहां प्रदर्शनकारियों ने नमक कर लगाए जाने के विरोध में नमक के भंडारों पर धावा बोल दिया था।

गांव लौटने पर पटेल का यह कर्तव्य था कि वे देखें कि एक चुटकी नमक, जो स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक बन गया था, प्रत्येक घर में वितरित किया जाए। उन्होंने इस कार्य को करने के लिए युवा मणिभाई को चुना।

नमक खाते समय ग्रामीणों को झुककर नमक खाते देखकर गहराई से प्रभावित हुए मणिभाई ने 10 वर्ष की आयु में महात्मा गांधी के आह्वान को महसूस किया। बाद में मणिभाई ने सूरत में हाई स्कूल में पढ़ाई की। हालाँकि, मणिभाई के अध्ययन के अंतिम वर्ष में, गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया, जिसमें मणिभाई शामिल हो गए और उन्हें ब्रिटिश द्वारा कैद भी किया गया।

### आजीविका

स्नातक होने के बाद मणिभाई स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के साथ शामिल हो गए। महात्मा गांधी 1946 में पुणे शहर के पास उरुली कंचन गांव में रुके थे। उस समय गांधीजी का पश्चिमी चिकित्सा में विश्वास खत्म हो गया था और वे प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करना चाहते थे। इस उद्देश्य के लिए उन्होंने मणिभाई को उरली में नव स्थापित प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम के प्रबंधक के रूप में नामित किया। युवा मणिभाई ने महात्मा गांधी को उरुली के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने का वचन दिया। उनकी पहली प्रमुख गतिविधि प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम का प्रबंधन करना था जो आज भी जारी है और पूरे भारत में प्रसिद्ध है। आश्रम में प्राकृतिक चिकित्सा में गांधीजी द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन किया जाता था। इनमें आहार का नियमन, उपवास, सूर्य स्नान, सेंक, भाप स्नान, मिट्टी पट्टी, मालिश और गैर-हानिकारक देशी जड़ी - बूटियाँ शामिल यद्यपि गांधीवादी सिद्धांत मणिभाई के काम के केंद्र में थे, उनका मानना था कि ग्रामीण गरीब लोग वैज्ञानिक प्रगति से लाभ उठा सकते हैं। नेचर क्योर आश्रम में अपने काम के दौरान, मणिभाई ने खुद को बागवानी और मवेशी प्रजनन के पहलुओं को सिखाया। इसे अगले चरण में ले जाने के लिए, उन्होंने 1967 में गैर सरकारी संगठन भारतीय कृषि उद्योग फाउंडेशन (बीएआईएफ) की स्थापना की। बीएआईएफ होलस्टीन फ्रीजियन और जर्सी जैसे उच्च उपज वाले यूरोपीय मवेशियों के गुजरात के गिर जैसे मजबूत भारतीय नस्लों के साथ क्रॉस प्रजनन में अग्रणी रहा है। इस अवधि के दौरान मणिभाई ने मवेशी प्रजनन, खेती की तकनीकों के बारे में जानने और धन जुटाने के लिए डेनमार्क, ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और इज़राइल जैसे दुनिया भर के कई देशों का दौरा किया। बाद में मणिभाई ने BAIF की गतिविधियों का दायरा बढ़ाकर इसमें पशु स्वास्थ्य, पोषण, वनरोपण बंजर भूमि विकास और आदिवासी विकास को शामिल किया।

हालाँकि मणिभाई ने उच्च राजनीतिक पद की चाह नहीं की, लेकिन उन्होंने कई वर्षों तक उरुली कंचन ग्राम पंचायत (ग्राम परिषद) के सरपंच परिषद के रूप में कार्य किया। उन्होंने कई वर्षों तक पास के गांव थेउर में यशवंत सहकारी शक्कर कारखाना (यशवंत सहकारी चीनी मिल) के बोर्ड में भी काम किया।

### पुरस्कार और सम्मान

1968 में भारत सरकार ने मणिभाई को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया। 1982 में मणिभाई ने सार्वजनिक सेवा के लिए रेमन मैग्सेसे पुरस्कार स्वीकार किया। 1983 में उन्हें गांधीवादी मूल्यों, सामुदायिक मूल्यों और सामाजिक विकास के लिए जमनालाल बजाज पुरस्कार मिला।

### गाँधी जी का आन्दोलन

मनीभाई के बड़े भाई चाहते थे कि वह इन्जीनियर बनें इसलिए उन्होंने भौतिकशास्त्र तथा गणित विषयों से पढाई शुरू की। 1942 में उन्होंने जूनियर बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री प्राप्त की तथा कालेज के फाइनल में प्रवेश लिया। उस समय गाँधी जी का आन्दोलन अपने चरम पर था। 9 अगस्त 1942 को ब्रिटिश सरकार ने सारे नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। इसी दिन मनीभाई ने बिना परिवार से कोई इज्जात लिए कालेज छोड़ दिया और गाँधी जी के साथ आन्दोलन में कूद पड़े।

### भारतीय एग्रो इन्डस्ट्रीज फाउन्डेशन

भारतीय एग्रो इन्डस्ट्रीज फाउन्डेशन मनीभाई देसाई ने 1967 में शुरू किया जिसमें गोरक्षण के बापू के सिद्धान्त को कार्यरूप दिया गया। मनीभाई देसाई ने स्वंय 1950 में मरी हुई गायों की शल्य परीक्षा करके खुद बर्बर पशु चिकित्सिक प्रशिक्षित किया था। यहाँ मनीभाई देसाई ने कृत्रिम गर्भधान से डेनमार्क और ब्रिटेन की नस्ल की गाय जैसे पशुओं की नई नस्ल तैयार की जो ज्यादा दूध दे सकने में समर्थ थीं।

इसी तरह पशुओं को खुर तथा मुँह की बीमारियों से बचाने के लिए वैक्सीन बनाया गया। जिससे साल में सैकड़ों जानवरों को मरने से बचाया जाने लगा।

भारतीय एग्रो इन्डस्ट्रीज फाउन्डेशन के जरिए इस तरह गाँवों में व्यवस्था तथा आधुनिकता के जरिए आर्थिक विकास होने लगा, जिसका विस्तार फिर पूरे देश में पहुँचा। मनीभाई देसाई ने की पत्रिका में 1982 में लिखा कि ब्रहन्स में हमने कभी गाँव के लोगों को दयनीय या शोचनीय प्राणी नहीं माना। भारत के गाँवों के लोग मनुष्यों के बीच सबसे मजबूत और सुन्दर उदाहरण है।

### मृत्यु और विरासत

मणिभाई का निधन 14 नवंबर 1993 को पुणे में हुआ। उनके द्वारा स्थापित संस्थान जारी रहे और समृद्ध हुए।

कनाडा के वित्त पोषण से BAIF ने 1996 में पुणे के बाहरी इलाके वारजे में एक नया मुख्यालय और प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया। इस केंद्र का नाम डॉ. मणिभाई देसाई नगर रखा गया है।

÷मणिभाई पंजाब के पटियाला जिले के दुलबा गांव के लोगों के लिए एक पूजनीय व्यक्ति हैं। हर साल उनके जन्मदिन पर समारोह आयोजित किए जाते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में उनके काम के लिए उन्हें सम्मान और धन्यवाद दिया जाता है।

# 3511 सोलर पंप का मिला ऑर्डर, 3279% चढ़ चुके हैं कंपनी के शेयर, 5 बोनस शेयर भी हैं बांटे



नई दिल्ली (एजेंसी)। मल्टीबैगर कंपनी शक्ति पंप्स इंडिया को एक नया ऑर्डर मिला है। कंपनी को यह ऑर्डर 3511 पंप्स के लिए मिला है। शक्ति पंप्स को मिले इस ऑर्डर की टोटल वैल्यू 122.14 करोड़ रुपये है। कंपनी को हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट से PM-KUSUM स्कीम के कंपोनेंट-बी के तहत यह वर्क ऑर्डर मिला है। शक्ति पंप्स को इस ऑर्डर के तहत सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम्स के डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का काम करना है। इस वर्क ऑर्डर को 120 दिन के भीतर पूरा किया जाना है।

शक्ति पंप्स इंडिया के शेयर पिछले पांच साल में 3279% चढ़ गए हैं। मल्टीबैगर कंपनी के शेयर 24 अप्रैल 2020 को 26.73 रुपये पर थे। शक्ति पंप्स के शेयर 25 अप्रैल 2025 को BSE में 903.20 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले चार साल में शक्ति पंप्स के शेयरों में 997% का जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। वहीं, पिछले तीन साल में कंपनी के शेयर 918% उछले हैं, जबकि दो साल में शक्ति पंप्स के शेयरों में 1142 पर्सेंट की तेजी आई है। पिछले एक साल में शक्ति पंप्स के शेयर 202% से अधिक चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1398 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 284.23 रुपये है।

शक्ति पंप्स इंडिया ने कुछ महीने पहले ही अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर का तोहफा दिया है। मल्टीबैगर कंपनी ने नवंबर 2024 में 5:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए हैं। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर निवेशकों को 5 बोनस शेयर बांटे हैं। शक्ति पंप्स ने इससे पहले अप्रैल 2011 में अपने इनवेस्टर्स को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए थे। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर दिया। शक्ति पंप्स का मार्केट कैप 10800 करोड़ रुपये को पार कर गया है। शक्ति पंप्स में प्रमोटर की हिस्सेदारी 51.61 पर्सेंट है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 48.39 पर्सेंट है।

## घाटे के बाद भी डिविडेंड का तोहफा, विजय केडिया के पास टाटा की इस कंपनी के 18,00,000 शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स ने 31 मार्च 2025 को खत्म हुई तिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। तेजस नेटवर्क्स को जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में 71.8 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 146.8 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। तिमाही घाटे के बावजूद तेजस नेटवर्क्स के बोर्ड ने हर शेयर पर 2.50 रुपये का डिविडेंड रिकमंड किया है। टाटा ग्रुप की इस कंपनी पर दिग्गज निवेशक विजय केडिया का भी बड़ा दांव है।तेजस नेटवर्क्स का रेवेन्यू मार्च 2025 तिमाही में 43.7 पर्सेंट बढ़कर 1906.9 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 1326.9 करोड़ रुपये था। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में कंपनी का इबिट्डा 60.7 पर्सेंट घटकर 121.5 करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 309.3 करोड़ रुपये था। मार्च 2025 तिमाही में तेजस नेटवर्क्स का इबिट्डा मार्जिन भी घटकर 6.4% पहुंच गया है। दिग्गज निवेशक विजय केडिया का टाटा ग्रुप की कंपनी तेजस नेटवर्क्स पर बड़ा दांव है। केडिया के पास तेजस नेटवर्क्स के 18,00,000 शेयर हैं। कंपनी में विजय केडिया की हिस्सेदारी 1.02 पर्सेंट है।

## 1 शेयर पर 135 रुपये का डिविडेंड दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट तय



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिग्गज ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने इस बार एक शेयर पर 135 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी ने इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। बता दें, मारुति सुजुकी लम्बे समय से निवेशकों को एक अंतराल पर डिविडेंड देती आ रही है।

डिविडेंड के लिए तय किया रिकॉर्ड डेट- मारुति सुजुकी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि 5 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 135 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 1 अगस्त 2025 तय किया गया है। योग्य निवेशकों को कंपनी की तरफ से 3 सितंबर को डिविडेंड का भुगतान किया जाएगा।

मारुति सुजुकी ने पहली बार निवेशकों को 2007 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 4.5 रुपये का डिविडेंड दिया था। कंपनी ने तब से लगातार हर साल निवेशकों को डिविडेंड दे रही है। आखिरी बार कंपनी ने 2024 में निवेशकों को डिविडेंड दिया था। तब कंपनी की तरफ से एक शेयर पर 125 रुपये का डिविडेंड दिया गया था। बता दें, मारुति सुजुकी ने अबतक 18 बार निवेशकों को डिविडेंड दिया था।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 1.81 प्रतिशत की तेजी के बाद 11685.90 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। इस साल दिग्गज ऑटो कंपनी के शेयरों का भाव 4 प्रतिशत चढ़ा है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव करीब 10 प्रतिशत गिरा है। कंपनी का 52 वीक हाई 13,675 रुपये और 52 वीक लो लेवल 10,725 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 3,67,407 करोड़ रुपये का है।

पिछले 5 साल में मारुति सुजुकी के शेयरों में 131 प्रतिशत की तेजी आई है। जबकि इसी दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 152 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

## रिलायंस की झोली में आई एक और कंपनी, अनंत अंबानी को दी गई नई जिम्मेदारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही कई बड़े ऐलान भी किए हैं। उदाहरण के लिए कंपनी ने डिविडेंड देने का ऐलान किया है। इसके साथ ही चेयरमैन मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत को कंपनी का पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा रिलायंस ने ग्रीन हाइड्रोजन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक कंपनी का अधिग्रहण भी किया है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि एचआर, नॉमिनेशन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिश पर काम करते हुए बोर्ड ने 1 मई, 2025 से शुरू होने वाले पांच साल के कार्यकाल के लिए अनंत अंबानी की नियुक्ति को मंजूरी दी है। अब यह प्रस्ताव शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। शेयरधारकों की मंजूरी के साथ ही अनंत अंबानी रिलायंस में पहले के मुकाबले अधिक सक्रिय भूमिका में नजर आएंगे। बता दें कि अनंत अंबानी रिलायंस समूह की कई कंपनियों से जुड़े हैं। मार्च 2020 से जियो प्लेटफॉर्म, मई 2022 से रिलायंस रिटेल वेंचर्स, जून 2021 से रिलायंस न्यू एनर्जी और रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी के बोर्ड में सक्रिय हैं। वह सितंबर 2022 से रिलायंस फाउंडेशन के बोर्ड सदस्य भी हैं।

## इस कंपनी ने वोडा-आइडिया के 102 करोड़ शेयर बेचे, 8 के नीचे भाव, आपका है दांव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने एक ओपन मार्केट डील में वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) की करीब 1 प्रतिशत हिस्सेदारी 786 करोड़ रुपये में बेच दी। एनएसई पर बल्क डील के बारे में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार, नोकिया सॉल्यूशंस एंड नेटवर्क्स इंडिया ने 102 करोड़ से ज्यादा शेयर बेचे, जो वोडाफोन आइडिया में 0.95 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। शेयर औसतन 7.65 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर बेचे गए, जिससे कुल सौदे की कीमत 785.67 करोड़ रुपये हो गई। पिछले साल जून में वोडाफोन आइडिया ने घोषणा की थी कि वह नोकिया इंडिया और एरिक्सन इंडिया को उनके आंशिक बकाये का भुगतान करने के लिए 2,458 करोड़ रुपये के शेयर आवंटित करेगी। इस बीच, वैश्विक निवेश कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने वोडाफोन आइडिया में 59.86 करोड़ शेयर यानी 0.55 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। वोडाफोन आइडिया के शेयरों के अन्य खरीदारों का विवरण पता नहीं चल सका।वोडाफोन आइडिया के शेयर की बात करें तो शुक्रवार को बुरी तरह टूट गए। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर करीब 6% टूटकर 7.47 रुपये पर आ गया। ट्रेडिंग के दौरान शेयर का रेंज 8.20 रुपये से 7.44 रुपये के बीच रहा। बीते साल नवंबर में शेयर 6.60 रुपये के निचले स्तर तक आ गए थे। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है। जून 2024 में शेयर 19.15 रुपये तक गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। बीते दिनों संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया था कि सरकार की वोडाफोन आइडिया में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। हाल में स्पेक्ट्रम नीलामी के बकाया 36,950 करोड़ रुपये को इक्विटी में बदलने के बाद अब सरकार के पास वोडाफोन आइडिया में 48.99 फीसदी हिस्सेदारी हो गई है।

## जेनसोल के खिलाफ इरेडा ने दर्ज कराई शिकायत, दोनों कंपनियों के शेयर में भूचाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। घोटाले से प्रभावित जेनसोल इंजीनियरिंग की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इस कंपनी को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए लोन देने वाले दो सार्वजनिक क्षेत्र के लेंडर्स में से एक इरेडा ने बताया कि कंपनी (जेनसोल) के प्रवर्तकों ने उनकी मंजूरी के बिना शेयरहोल्डिंग कम करके कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन किया है। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने कहा कि उसने 24 अप्रैल को कॉन्ट्रैक्ट उल्लंघन के लिए आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में शिकायत दर्ज कराई है। इरेडा ने शेयर बाजार को बताया- जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड और इसके प्रवर्तकों और सहयोगी कंपनियों से संबंधित हालिया घटनाक्रमों के बाद इरेडा ने आरबीआई (भारतीय रिजर्व बैंक) के दिशानिर्देशों और कंपनी के उचित परिश्रम प्रोटोकॉल के अनुसार एक आंतरिक समीक्षा शुरू की है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# सतना में अवैध क्लीनिकों पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई 5 क्लीनिक पकड़े



सतना। मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किस तरह खिलवाड़ किया जा रहा है। इसकी एक बानगी शनिवार को उस वक्त देखने को मिली। जब सिटी एसडीएम व स्वास्थ्य विभाग का अमलें ने क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट्स (रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) एक्ट, 2010 के तहत से विपरीत संचालित पांच क्लिनिक पकड़े। यह कार्रवाई अनुविभागीय दंडाधिकारी रघुराजनगर राहुल सिलाडिया के नेतृत्व में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय अरख, सीएमएचओ कार्यालय के लिपिक आशुतोष प्यासी एवं पुलिस बल की उपस्थिति में की गई।इस दौरान जिले में अवैध रूप से संचालित पांच क्लीनिकों पर व्यापक एवं संगठित कार्रवाई की गई। यह सभी क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट्स (रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) एक्ट, 2010 के विपरीत संचालित होना पाए गए।सभी प्रतिष्ठानों पर क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट्स एक्ट, 2010 की धारा 41 के अंतर्गत उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से सील करने कार्रवाई की गई है। अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी प्रकरण पंजीबद्ध किए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है। सभी क्लिनिक पर इंजेक्शन का अवैध प्रयोग और लापरवाही पूर्ण डिस्पोजल करना पाया गया।इनके यहां हुई कार्रवाई

### श्री साईं क्लीनिक, राजेन्द्र नगर, गली नंबर-2

स्थल पर जांच के दौरान न तो कोई वैध चिकित्सकीय डिग्री प्रस्तुत की गई और न ही कोई चिकित्सकीय योग्यता प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। क्लीनिक में एक व्यक्ति जो स्वयं को सफाईकर्मी बता रहा था, वही मरीजों का उपचार एवं दवाओं का वितरण करता पाया गया। मरीजों से ली गई फीस एवं वितरित दवाइयों का रिकॉर्ड बरामद कर जब्त किया गया। क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील किया गया।

### शंकर क्लीनिक, बस स्टैंड

बड़ी संख्या में एलोपैथिक दवाइयाँ बिना किसी विधिवत पंजीकृत चिकित्सक की उपस्थिति में पाई गईं। क्लीनिक का संचालन एक अनधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। क्लीनिक सील कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट तैयार की गई।

### शंभू हॉस्पिटल, माधवगढ़

निरीक्षण में पाया गया कि प्रतिष्ठान के पास क्लीनिक रजिस्ट्रेशन नहीं था तथा स्वघोषित डॉक्टर केवल बीएससी और एमए (गैर-चिकित्सा विषय) की डिग्री रखता था। चिकित्सकीय सेवा हेतु वैध योग्यता प्रमाणित नहीं थी। हॉस्पिटल को तत्काल प्रभाव से सील कर आगे विधिक प्रक्रिया शुरू की गई।दीप नारायण गर्ग क्लीनिक

यहां भी वैध चिकित्सा डिग्री अथवा क्लीनिक रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत नहीं किया गया। क्लीनिक को सील कर कानूनी कार्यवाही आरंभ की गई है।

### दोलन क्लीनिक, माधवगढ़ (रीवा रोड)

एक कथित बंगाली चिकित्सक द्वारा संचालित इस क्लीनिक से भारी मात्रा में इंजेक्शन व अन्य दवाइयाँ बरामद हुईं। दो मरीज भी उपचाररत पाए गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल भेजा गया। क्लीनिक बिना पंजीयन पाया गया एवं त्वरित प्रभाव से सील किया गया।

# सतना जिले में अमुआ बांध में डूबने से तीन आदिवासी बच्चों की मौत

सतना । सतना जिले के धारकुड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित अमुआ बांध में अज्ञात कारणों के चलते पानी में डूबने से तीन आदिवासी बच्चों की मौत हो गई है। घटना की जानकारी सामने आते ही धारकुंड़ी थाना पुलिस व मझगवां तहसीलदार सुमेश द्विवेदी तुरंत मौका स्थल पर पहुंच गए।

तीनों बच्चों के शव ग्रामीणों की मद्द से बाहर निकाले गए हैं। इस संबंध में धारकुडी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तीनों बच्चों में एक बच्चा अपने मामा के यहां आया हुआ था। जबकि दो अन्य वहीं के निवासी थे।खेलते हुए पहुंचे थे बांध के पास

धारकुंड़ी थाना पुलिस द्वारा बताया गया कि तीनों बच्चे खेलते-कूदते हुए बांध के पास तक पहुंचे और किन्हीं कारणों से पानी में चले गए। जहां बांध के पानी में डूबने से तीनों की मौत हो गई।

इनके नाम अभिजीत पिता अजीत कोल उम्र 6 वर्ष, अभी पिता कल्लू कोल उम्र 5 वर्ष और कृष्णा पिता नंदू कोल उम्र पांच वर्ष के रूप में हुई है। इनमें एक बच्चा कृष्णा ग्राम कपटीहा जिला बांदा (उप्र) का निवासी बताया गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।



# सिवनी के पेंच टाइगर रिजर्व में मिला बाघ का शव, छानबीन में जुटा प्रबंधन




सिवनी । पेंच टाइगर रिजर्व के रूखड़ बफर जंगल के सघन वनक्षेत्र में गश्ती दल को शनिवार सुबह एक बाघ का शव मिला है। बाघ का शव कुछ दिन पुराना होने का अनुमान है, जिसके शरीर का अधिकांश हिस्सा सड़कर खराब हो गया है।

जानकारी के अनुसार रूखड़ पूर्व बीट के जंगल में मासूलनाला के आगे सघन और दुर्गम क्षेत्र में मिले बाघ के शव का पोस्ट मार्टम कराने पेंच पार्क में पदस्थ वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा को मौके पर बुलाया गया है।कोई अंग गायब तो नहीं

वहीं डॉग स्क्वायड के अलावा पेंच के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह सहित वन अधिकारी और मैदानी अमले ने मौके पर पहुंचकर छानबीन प्रारंभ कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि शव कितना पुराना हैं, यह जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। बाघ के शरीर का कोई अंग गायब तो नहीं है, इसकी छानबीन भी की जा रही है। नियमित गश्ती के दावों की खुली पोल सघन वन क्षेत्र में बाघ का सड़ा हुआ शव मिलने से पेंच प्रबंधन द्वारा मैदानी अमले द्वारा जंगल की नियमित गश्ती के दावों की पोल खुल गई है। हालाकि इस मामले में अधिकारी कोई भी प्रतिक्रिया देने से बच रहे हैं। पेंच के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने नईदुनिया को बताया कि रूखड़ बफर जंगल में मासूलनाला से काफी अंदर सघन वन क्षेत्र में बाघ का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुंचकर विस्तृत जानकारी ली जा रही है, इसके बाद कुछ कहा जा सकेगा।

# भिंड में लग्नोत्सव कार्यक्रम के दौरान हर्ष फायरिंग, गोली लगने से सरपंच के बेटे की मौत



भिंड । भारौली थाना अंतर्गत गोरम पंचाायत के बर का पुरा में देर रात शादी समारोह के लग्न के कार्यक्रम में हुई हर्ष फायरिंग में गोली लगने से वधु पक्ष के एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल होग गया। मृतक अड़ोखर सरपंच का बेटा है। घटना शुक्रवार-शनिवार रात करीब एक बजे की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरकापुरा में राजेन्द्र सिंह राजपूत के बेटे की अड़ोखर से लगुन आई थी। लगनोत्सव के दौरान अचानक हर्ष फायरिंग शुरू हो गई। हर्ष फायरिंग के दौरान वधु पक्ष की तरफ से आए प्रियांशु पुत्र सतेंद्र पवैया निवासी अडोखर हाल अमायन थाने के पीछे और दिलीप पुत्र विजय बघेल निवासी गहेली को गोली लग गई।घायल युवक को ग्वालियर रेफर किया गया

गोली लगने से प्रियांशु की मौत हो गई। जबकि दिलीप को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। यहां से उसे ग्वालियर रेफर कर दिया। बताया जाता है, कि मृतक प्रियांशु के पिता अड़ोखर पंचायत से सरपंच हैं। साथ ही वधु का फुफेरा भाई था।

फायरिंग किसने की, पुलिस कर रही जांच हर्ष फायरिंग की सूचना मिलते ही भारौली पुलिस मौके पर तत्काल पहुंची, जहां पूरे घटनाक्रम के बारे में समझकर शादी समारोह में मौजूद लोगों से बातचीत की और हर्ष फायरिंग किसने की, क्या ये लोग नशे की हालत में फायरिंग कर रहे थे, तमाम बिन्दुओं पर पुलिस ने अपनी जांच कर रही है। इससे पहले ऊमरी क्षेत्र में 13 अप्रैल को हर्ष फायरिंग में एक युवक घायल हो गया था।

## पहलगाम आतंकी हमले से अमरनाथ यात्रियों के उत्साह में कोई कमी नहीं भंडारे भी लगेंगे और जत्थे भी जाएंगे

ग्वालियर । पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी अमरनाथ यात्रियों की उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। उत्साही श्रद्धालु आतंकवादियों और उनके पोषकों को जवाब देने के लिए तीन जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा को लेकर उत्साहित हैं। पिछले 24 वर्षो से श्रद्धालुओं को गाइड बनकर यात्रा कराने वाले मध्य प्रदेश के ग्वालियर के प्रोफेसर डॉ. संजय पांडे का कहना है कि आतंकी हमले के बाद बड़ी संख्या में युवाओं ने उनसे संपर्क किया है। इससे पहले अमरनाथ यात्रा कर चुके श्रद्धालुओं को भारतीय सेना के सुरक्षा इंतजामों पर पूर्ण भरोसा है। क्योंकि वहां के सुरक्षा इंतजामों को पहले देख चुके हैं।इस हमले के बाद इतना परिवर्तन अब लोग जत्थों में यात्रा की प्लानिंग कर रहे हैं। इसके साथ बाबा बर्फानी समिति व अमरनाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों का दावा है कि उनका भंडारा निश्चित समय पर निर्धारित स्थान पर लगेगा।



# बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

## बाल विवाह पाये जाने पर होगी कार्रवाई

इंदौर। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालक के विवाह को प्रतिषेध किया गया है। जो कोई किसी बाल विवाह को सम्पन्न करेगा, संचालित करेगा, निर्दिष्ट करेगा या दुष्प्रेरित करेगा, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के विधिक प्रावधान बनाये गये है।

राज्य शासन द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए विस्तृत निर्देश जारी किये गये है। जिले में बाल विवाह पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बाल विवाह के रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 (1) (2) एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।

अक्षया तृतीया (अखतीज) एवं अन्य धार्मिक अवसरों पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विभिन्न समाज एवं संगठनों द्वारा सामूहिक विवाह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाते है। इस दौरान बाल विवाह के आयोजन की आशंका रहती है।

पूर्व वर्षों की भांति बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विधिक प्रावधानों एवं शासकीय निर्देशों का पालन कराने हेतु इन्दौर जिले की राजस्व सीमा अन्तर्गत बाल विवाह की रोकथाम एवं इस सामाजिक बुराई के निवारण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 (1) (2) भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।

जारी आदेशानुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, कोटवार, शौर्या दल, चाईल्ड लाईन, लाडो अभियान कोर सदस्य इत्यादि की जवाबदारी निर्धारित की गयी है कि क्षेत्र में कोई भी विवाह योग्य विधि अनुरूप मान्य उम्र (बालक का विवाह 21 वर्ष व बालिका का विवाह 18 वर्ष) के पूर्व ना हो। कहा गया है कि बाल विवाह की दशा में शिकायत स्थानीय पुलिस थाना, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, चाईल्ड लाईन 1098 पर कराई जायें। सामूहिक विवाह कराने वाले आयोजकों से शपथ पत्र प्राप्त लेवें कि वे अपने आयोजनों में बाल विवाह को नहीं करेंगे। इसी तरह प्रिन्टिंग प्रेस, टेंट हाऊस, शादी के गार्डन धर्मशाला मालिक, हलवाई, केटरर, धर्म गुरू, समाज के मुखिया, बैण्ड वाले, नाई, ब्यूटी पार्लर, ट्रांसपोर्टर इत्यादि सेवा प्रदाता भी उम्र से संबंधित प्रमाण-पत्र प्राप्त कर परीक्षण कर (बालक 21 वर्ष या उससे अधिक व बालिका 18 वर्ष या उससे अधिक) के उपरान्त ही सेवायें प्रदान करेंगे। अपनी संस्था में यह नोटिस चस्पा करेंगे कि ÷लाडो अभियान के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका एवं 21 वर्ष से कम उम्र के बालक का विवाह बाल विवाह होने के कारण सेवायें नहीं देंगे।

वर-वधू के आयु का प्रमाण प्रिन्टिंग प्रेस वालों के पास रहे, इसके बाद ही वह विवाह निमंत्रण को प्रिंट करें। विभिन्न समाजों के धर्मस्थलों के सूचना पटल पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम व सजा का उल्लेख किया जाये। बाल विवाह रोकथाम अन्तर्गत आदेशित कर्मचारी/अधिकारी गांव/मोहल्लों/वार्ड के उन परिवारों में जहां बाल विवाह होने की आशंका हो, उन्हें समन्वित रूप से समझायेंगे। यदि आवश्यक हो तो, कानूनी प्रावधानों अनुसार बाल विवाह को रोकने की कार्यवाही की जायेगी। अक्षय तृतीया एवं अन्य अवसरों पर बाल विवाह रोकथाम अभियान के अन्तर्गत गठित दलों द्वारा सामूहिक विवाहो का निरीक्षण किया जायेगा। यदि कहीं पर बाल विवाह होना पाया जाता है तो विधि अनुरूप कार्यवाही की जायेगी। इन्दौर जिले में स्थित विद्यालय/स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग संस्थान आदि के प्रभारी/प्राचार्य/संचालक उनकी संस्था में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को विवाह हेतु विधि अनुरूप मान्य आयु से अवगत कराएंगे एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों व इससे संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी देंगे। सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पुलिस के थाना प्रभारी, पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी, महिला सशक्तिकरण/महिला बाल विकास के सभी अधिकारी उक्त आदेश का पालन एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करायेंगे।

## गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में प्रथम प्रवेशित कक्षा में प्रवेश के संबंध में दिशा-निर्देश

इंदौर। प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा की 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर सत्र 2025-26 के लिये ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से निःशुल्क प्रवेश शीघ्र प्रारंभ किये जा रहे है। इस संबंध में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों और जिला परियोजना समन्वयक द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इसी कार्यवाही के बाद प्रदेश में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से पूर्ण हो सकेगी।

राज्य शिक्षा केन्द्र ने इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर दिशा-निर्देश जारी किये हैं। गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूल यदि अल्पसंख्यक स्कूल है, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध जीवित प्रमाण-पत्र की हस्ताक्षरित प्रति 25 अप्रैल 2025 तक जिला परियोजना समन्वयक को प्रदान करने के लिये कहा गया है। आरटीई के तहत प्राप्त आवेदनों को मूल दस्तावेजों के परीक्षण के लिये सत्यापन अधिकारी नियुक्त कर पोर्टल पर मैप करने के लिये कहा गया है। निर्देशों में कहा गया है कि सत्यापन के बाद जिला परियोजना समन्वयक 26 अप्रैल 2025 तक कार्य पूर्णता का प्रमाण-पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र को प्रेषित करेंगे। इस आशय के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक-जिला शिक्षा केन्द्र और समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक को दिये गये हैं। इस संबंध में विस्तृत निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल पर देखे जा सकते हैं।

## एमपी टेक ग्रोथ कान्क्लेव को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में



इंदौर। इंदौर में 27 अप्रैल को आयोजित होने जा रहे एमपी टेक ग्रोथ कान्क्लेव 2025 को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन प्रदेश के विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर सहित प्रदेश के ग्वालियर, जबलपुर और भोपाल के टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों, स्टार्टअप प्रतिनिधियों और निवेशकों से संवाद किया। उन्होंने प्रदेश में तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश के लिए यह एक स्वर्णिम अवसर है। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने को तैयार है।

# विकास को वरदान बनाता है संस्कार - उप मुख्यमंत्री




इंदौर। राज्य शासन के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि व्यक्तियों के समूह से समाज बनता है और समाज से देश का निर्माण होता है, लेकिन संस्कार देने का कार्य समाज करता है। विकास को वरदान बनाता है संस्कार। संस्कार से ही सशक्त समाज की रचना होती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल आज दोपहर को ड्रीम वर्ल्ड गार्डन एवं रिसोर्ट गोम्मटगिरि इंदौर में आयोजित श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस मौके पर पूर्व विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय विशेष रूप से उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भगवान शिव के अवतार है बागेश्वर और ऋषि कश्यप के वंशज है, जिनका संबंध कश्मीर से है। बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज देशभर में फैला है और यह शिक्षा, स्वास्थ्य के बेहतरी के साथ-साथ सामूहिक विवाह जैसे कार्य भी कर रहा है, जो अनुकरणीय है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर रोजगार के क्षेत्र में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। जिसमें आयुष्मान भारत योजना, लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, स्टार्टअप योजना आदि शामिल है। इन योजनाओं से समाज लाभान्वित हुआ और उनके जीवन में बदलाव आया। श्री शुक्ल ने कहा कि देश में जितने अधिक रोजगार के अवसर होंगे, भारत उतनी तेजी से आर्थिक महाशक्ति बनेगा। इसमें हर समाज अपनी भूमिका निभायें। श्री शुक्ल ने युवाओं से आह्वान किया कि देश को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये और नशे से दूर रहें।

# यातायात सुधार के लिये कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर सख्त कार्यवाही




इंदौर। इंदौर में यातायात सुधार के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत आज सख्त कार्रवाई करते हुए रोड़ पर बेतरतीब खड़ी 4 बसे जब्त की गई। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों, स्कूल वाहनो सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। पिपलियाहाना, रिंग रोड, तीन इमली चौराहा पर बसों की सघन चेकिंग की गई। जिसमें वाहनो के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र भी चेक किये गए। बसों में ओवरलोडिंग ,अधिक किराया की भी जांच की जा गई। वाहन की गति ,स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों, बेतरतीब खड़ी रहने वाली बसो पर कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान नेमावर रोड पर संजय ट्रेवल्स की बसें बीच रोड पर मरम्मत ,सफ़ाई का काम करवाते पाई गई।

# जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने दी विकास कार्यों की सौगात



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज इंदौर शहर के समीप सांवेर विधानसभा क्षेत्र के मांगलिया में विकास कार्यों की अनेक सौगात दी। उन्होंने मांगलिया में करीब 50 लाख लागत से निर्मित होने वाले संत रविदास भवन और लगभग 38 लाख रूपये लागत के नवीन ग्राम पंचायत भवन के निर्माण का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मांगलिया पंचायत में 60 करोड़ रूपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगातें दी गई है। इस दौरान सरपंच श्री विजय हिरवे, जिला पंचायत सदस्य श्री माखन पटेल जनपद, श्री भारत पटेल, श्री चेतन मेहता, श्री महेश मंत्री, श्री रवि वाजपेई सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। श्री सिलावट ने अपने सम्बोधन में कहा कि इंदौर शहर से लगी इस पंचायत को आदर्श पंचायत बनाया जा रहा है। यहां 60 करोड़ रूपये से अधिक लागत के निर्माण कार्य हो रहे है। इसमें मुख्य रूप से 35 करोड की लागत से रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण है। 15 करोड़ की लागत से सैकडों लोगों को शिप्रा नदी से पाईप लाईन के माध्यम से पेयजल की सुविधा हेतु पेयजल टंकी एव पाईप लाईन की सौगात दी है जिसका कार्य हो चुका है। साढे छ करोड की लागत से 50 बिस्तरीय आयुष हास्पटल की सौगात दी गई है। एक करोड 32 लाख की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कर 6 बिस्तरीय नवीन भवन की सौगात दी गई है। 75 लाख की लागत से हायर सेकेण्डरी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनाया गया है। 24 लाख की लागत से आदर्श श्मशान घाट, 19 लाख का सेग्रीगेशन कचरा प्लांट की सौगात, 5 लाख की लागत से लवकुश कालोनी में सीसी रोड की सौगात भी दी गई है। 12 लाख की लागत से आंगनवाडी भवन और पेवर ब्लाक लगाये गये है। पंचायत को 7 लाख की लागत का मंगल विहार में गार्डन की सौगात मिली है। लगभग 3 लाख की लागत से आंगनवाडी भवन की बाउण्ड्रीवाल बनाई गई। सवा दो लाख की लागत से बावडी का जिर्णोद्वार कार्य कराया गया। 27 लाख की लागत से शिवराजनगर में सीसी रोड की सौगात दी गई। मांगलिया, कैलोदहाला, रामपिपलिया में 46 लाख की लागत से नाली और ड्रेनेज कार्य की स्वीकृति कराई और कार्य भी चालू हो गया है।

# एमपी ट्रांसको इंदौर के कार्मिकों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीके



इंदौर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) एवं स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एस.डी.ई.आर.एफ.) के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभागों एवं सबस्टेशन कार्मिकों के लिए सी.पी.आर. एवं अन्य जीवन रक्षक तकनीकों पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

यह कार्यशाला एम.पी. ट्रांसको के 400 के.वी. सबस्टेशन इंदौर परिसर में आयोजित की गई, जिसकी संयोजक इंदौर की अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना रहीं। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभाग इंदौर 400 के.वी. सबस्टेशन संभाग इंदौर, परीक्षण एवं स्काडा संभाग इंदौर के लगभग 60 नियमित, संविदा, बाह्य सेवा प्रदाता एवं सुरक्षा कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन इंदौर स्थित स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एस.डी.ई.आर.एफ.) के विशेषज्ञ ड्ड प्रांतीय सिविल ऑफिसर श्री नीलेश डामोर एवं श्री रंगपाल सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने व्यवहारिक और अत्यंत उपयोगी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।

श्रीमती नीलम खन्ना एवं कार्यपालन अभियंता श्रीमती नम्रता जैन के सतत प्रयासों से आयोजित इस कार्यशाला में सी.पी.आर. प्रशिक्षण हेतु मानव पुतले एवं वीडियो की सहायता से विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी ने विशेषज्ञों की निगरानी में मानव पुतले पर सी.पी.आर. तकनीक का अभ्यास किया। साथ ही, शॉक लगने, श्वास नली में किसी वस्तु के फंसने, चोट लगने आदि आपात परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी भी दी गई।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# सीएम राइज जाल सेवा निकेतन के विद्यार्थियों ने किया अंतरिक्ष में सैर

उज्जैन । सीएम राइज शा.श्री जाल सेवा निकेतन उमावि में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा विज्ञान वाणी संस्था के माध्यम से विज्ञान उत्प्रेरण कार्यक्रम में अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से परिचय करवाया गयाद्य विद्यार्थियों को अंतरिक्ष जागरूकता के साथ-साथ भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के बढ़ते सोपान एवं सफलताओं से अवगत करवाया गया।

प्राचार्य डॉ.प्रदीप कुमार देशपांडे सर के मार्गदर्शन में विज्ञान शिक्षाविद श्री वीबी रायगांवकर (पुणे) एवं श्री वीके मुदगिल (झांसी) ने विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की सैर में प्रदर्शनी एवं कई रोचक व अहम जानकारियां प्रदान की द्य




अंतरिक्ष के सौरमंडल में ग्रहों, उपग्रहों, आकाशगंगा एवं निहारिकाओं की जानकारी, इसरो एवं नासा द्वारा प्रक्षेपित यान, सैटेलाइट और डीआरडीओ से सम्बंधित जानकारियां प्रदान की गईद्य श्री मुदगिल ने प्रत्येक विद्यार्थी में छुपे वैज्ञानिक को बाहर निकालने की बात कहीद्य कठपुतली की रंगारंग प्रस्तुति द्वारा सिकलसेल एनीमिया के कारण व उपचार की जानकारी प्रदान की गई। 3 डी एनिमेशन फिल्म भी बच्चों को दिखाई गईद्य इस अवसर पर भौतिकी वरिष्ठ अध्यापक श्री जितेंद्र खरेड़िया सर, श्री दिलीप पंवार सर, श्रीमति शगुफ़्ता खान मैडम, नम्रता राठौर मैडम, संध्या जैन मैडम, मीना कुमरावत मैडम, रुचिका मूले मैडम, पूजा यादव मैडम, अनिल जोशी सर , अनिल निकम सर, डॉ. विनोद शर्मा सर, संजय बारापात्रे सर, देवराज सिंह डागुर सर, विवेक भदौरिया सर, धर्मेंद्र मालवीय सर, हेमंत यादव सर एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित था।

कार्यक्रम की समाप्ति पर आभार डॉ.सूरज त्रिपाठी सर ने व्यक्त किया।

# उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने जिले में आये हुवे पाकिस्तानी नागरिकों ली जानकारी



उज्जैन। कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आंतकी हमले के पश्चात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पूरे एक्षन मोड के साथ आंतकी देश पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की है। इसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, राजनायिक संबधों को और कम करना, वाद्या-अटारी बॉर्डर, जो कि दोनो देषों के बीच इकलौता जमीनी सीमा मार्ग है, उसे बंद कर दिया गया है। और उसके साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद कर दिया गया है। और उन्हे 48 घंटे के भीतर देश छोड़ना होगा।

इसी क्रम में आज आदरणीय प्रधांनमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह के निर्देष पर उज्जैन सांसद श्री अनिल फिरोजिया द्वारा उज्जैन जिला पुलिस अधिक्षक कार्यालय एवं पासर्पोट कार्यालय पहुचकर उज्जैन पुलिस अधिक्षक से भारत सरकार के आदेश जिसमें 27 अप्रेल तक पाकिस्तान से संबंधित सभी नागरिकों को देश से बाहर निकालना है तथा जिले में कितने पाकिस्तानी नागरिक वीजा लेकर आये है तथा कितनो को देश से बाहर भेजा जा चुका है कि जानकारी प्राप्त की। तथा भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार को इस आदेश के पालन की निरतंर जानकारी उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया। इस निरक्षण में श्री फिरोजिया जी के साथ उज्जैन भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल भी उपस्थिति थे।

# एक बेहतर मानव बनाने के लिए बच्चों को बुलाया गया है- जे पी यादव



उज्जैन। संस्कारों का महत्व व्यक्ति के जीवन को विकसित करने और उसे उत्तम बनाने में निहित है। संस्कारों के माध्यम से व्यक्ति में अच्छे गुण, संस्कार, और ज्ञान का विकास होता है, जिससे वह एक बेहतर मानव बन सकता है।

यह जानकारी जे पी यादव व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन ने शनिवार को 40 दिवसीय छात्र संस्कार शिविर के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को दी।

# पंचक्रोशी यात्रियों की मंगलनाथ रोड पर अनाज तिलहन संघ ने पुड़ी, लोंजी की सेवा की



उज्जैन। उज्जैन के आसपास पंचक्रोशी यात्रा चल रही है। अनेक क्षेत्रों से श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए हैं। वे 118 किलोमीटर की लंबी यात्रा करके अपने आराध्य भगवान की पूजा -अर्चना करके लौटने लगे हैं। इन श्रद्धालुओं की सेवा में उज्जैन के आसपास समाजसेवी, धर्मप्रेमी संस्थाएं भी जुटी हुई हैं। इसी कड़ी में उज्जैन अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलनाथ रोड़ पर पुड़ी, लोंजी, दवा, ओआरएस का घोल, आंखों की दवा का वितरण किया गया है। सभी समाजसेवियों को बधाई और अभिनंदन करता हूं। उक्त बात उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कही।

# पहलगाम की दर्दनाक घटना के विरोध में अग्रवाल समाज ने निकाला कैंडल मार्च

## श्रध्दांजलि सभा में अग्रवाल समाज ने व्यक्त किया आक्रोश



कश्मीर के पहलगाम में हुई दर्दनाक घटना के विरोध में नवयुवक मंडल के नेतृत्व में छतरी चौक पर अग्रवाल समाज द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। इस मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में 250 से अधिक समाजगणों ने भाग लिया और 26 हिंदू पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए शोकाकुल परिवार जन को संवेदना प्रकट की।

अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल एवं महामंत्री पवन अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर भाजपा ज़िला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, भाजपा प्रदेश सहसंयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ विजय अग्रवाल, न्यास के अध्यक्ष निमेश अग्रवाल ने आक्रोश व्यक्त करते हुए आतंकवादियो को उनके ठिकाने तक पहुंचाने की माँग देश के प्रधानमंत्री, ग्रह मंत्री, रक्षा मंत्री से की। इस दुखद घटना को लेकर समाज में रोष व्याप्त है इसी की परिणीति रही की बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य बंधु, महिलायें और युवा सड़क पर उतर कर अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे है। कार्यक्रम में पंचायत न्यास के ट्रस्टी संजय अग्रवाल, ट्रस्टी जयकिशन अग्रवाल, सचिव दीपक मित्तल, मधुर गर्ग, उपाध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल, रविप्रकाश बंसल, संदीप अग्रवाल, वरिष्ठ समाज सेविका सरोज अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष बीना गर्ग, शकुंतला अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल, सचिव दीपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अक्षत अग्रवाल, उपाध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, श्लोक अग्रवाल, वंश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, नवीन गर्ग, अवध सिंहल, सहज मित्तल, शानू मित्तल, प्रतीक अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, अर्पित गोयल अनंत, अंकुर अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, यश अग्रवाल, अंकुर गर्ग खलाना, राजेश अग्रवाल (फिंगर), विपिन अग्रवाल, अर्पित गर्ग सिए, जय, अमीष मित्तल, अचल गोयल, सागर अग्रवाल, अंश बंसल, संस्कार अग्रवाल, मोनिल अग्रवाल, प्रियेश अग्रवाल, प्रवीण गर्ग ने कार्यक्रम व्यवस्थापन किया। कार्यक्रम में पूर्व ट्रस्टी जगदीश गोयल, विजय गर्ग, पवन मित्तल, प्रकाश गर्ग, राजेश गुप्ता, रमेश शाह, रमेश अग्रवाल (पहलवान), मनोहर गर्ग, मयूर अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नितिन गर्ग, राजेश मैदावाला, प्रमोद अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल (पालीथीन), जगदीश अग्रवाल नईपेठ, मुकेश अग्रवाल (मालकंठी), तुलसी भाई, परितेश मित्तल, अभिषेक बंसल, राजेश अग्रवाल (फेयर आटो), देवेश गोयल, गिरीश गुप्ता, राजेंद्र मित्तल, रवि अग्रवाल अम्बर, जयशिवप्रकाश अग्रवाल मंडी, अग्रवाल महिला मंडल की नीलम मित्तल आदि।

# पहलगाम के दोषियों की सज़ा हमारी ज़िन्दगी है- निज़ामी



उज्जैन। आतंकवाद के विरुद्ध अब निरंतर सख़्त कार्यवाही की आवश्यकता है। आतंक का प्रकार चाहे जो हो, हर स्तर पर उसका सर कुचल कर यह सुनिश्चित करना होगा कि अब कभी ऐसी कोई दर्दनाक घटना ना हो।

यह बात सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय शायर, साहित्यकार, चिंतक और वक्ता अहमद रईस निज़ामी ने कही। देश की वर्तमान परिस्थितियों में हमारी भूमिका विषय पर संबोधित करते हुए निज़ामी ने कहा कि पहलगाम की आतंकवादी घटना और उसमें शहीद हुए बेकुसूर नागरिकों के शव देख कर हमें अपनी बेबसी और कमज़ोरी का एहसास होता है। इंसानियत के दुश्मनों का यह पहला वार नहीं है, इससे पूर्व भी इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी हैं। आख़िर यह सब कुछ रोक पाने में हम विफल क्यों हैं। क्या हमारे ख़ून की क़ीमत का हमें ख़ुद को अंदाज़ा नहीं। बहुत दर्दनाक स्थिति है ये, इसे तत्काल परिवर्तित करने की आवश्यकता है। इतनी कड़ी चौकसी और सुरक्षा के बावजूद आतंकवादी अपने नापाक मनसूबों में कैसे कामयाब हो गए, हम से कहां चूक हुई, यह नज़र अंदाज़ करने वाली बात नहीं, बल्कि गहन चिंता का विषय है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए वास्तविकता का पता लगा कर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दोषियों को कड़ी सज़ा मिल सके।

निज़ामी ने कहा कि देश और इंसानियत के दुश्मनों के विरुद्ध समस्त देशवासियों को हमने हमेशा एक जुट पाया है। यह हमारे देश की वास्तविक शक्ति है, इसे स्थायित्व प्रदान करने की आवश्यकता है। इसके लिए सबसे पहले हमें साम्प्रदायिक टकराहट और नफ़रत को मिटा कर राष्ट्रीय एकता, अमन और भाई चारे को महत्व देना होगा। सांप्रदायिक टकराहट आतंकवाद के विरुद्ध हमारी लड़ाई को कमज़ोर कर देगी। सरकार और देशवासियों को विश्वास करना होगा कि भारत में रहने वाले समस्त मुसलमान भारतीय हैं पाकिस्तानी नहीं।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com